प्रेस विज्ञप्ति, थाना सैयदराजा, चन्दौली

दिनांक- 20.03.2025

◆ **थाना सैयदराजा व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त कार्यवाही के दौरान एक ट्रेलर ट्रक से 680 पेटी (6012 लीटर) पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब बरामद.**

◆ **तस्करी में संलिप्त 01 तस्कर गिरफ्तार, पंजाब से बिहार राज्य के लिए तस्करी के दौरान की गयी गिरफ्तारी/बरामदगी, बरामद अवैध अंग्रेजी शराब की अनुमानित कीमत 70 लाख रूपये है।**

चन्दौली- श्री पीयूष मोर्डिया अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी, श्री मोहित गुप्ता पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र वाराणसी के निर्देशन में श्री आदित्य लांग्हे पुलिस अधीक्षक चन्दौली द्वारा शराब/मादक तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सदर विनय कुमार सिंह व राजेश राय, क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में थाना सैयदराजा व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त कार्यवाही के दौरान पंजाब राज्य रजिस्ट्रेशन की एक ट्रेलर (ट्रक) से पंजाब निर्मित इंपीरियल ब्लू ब्रांड की 680 पेटी में (6012 लीटर) अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। जिसकी अनुमानित कीमत 70 लाख रूपये है। तस्करी में संलिप्त ट्रेलर चालक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार चालक पंजाब राज्य का निवासी है। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना सैयदराजा, चन्दौली पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

संक्षिप्त विवरण:-दिनांक 20.03.2025 को प्रभारी निरीक्षक सैयदराजा विन्देश्वर प्रसाद पाण्डेय व उ.नि. आशीष मिश्रा प्रभारी स्वाट/सर्विलांस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर प्रात: 07.00 बजे एनएच 02 हाइवे जेठमलपुर तिराहे पर चेकिंग के दौरान ट्रेलर वाहन संख्या PB23M2791 से कुल मात्रा 6012 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जिसकी पहचान जुंगराज सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी ग्राम मूसे थाना चवाल जिला तरणताल पंजाब के रूप में हुयी।

ट्रेलर को चेक करने पर ट्रेलर को त्रिपाल से ढका गया था जिसमें ऊपर की तरफ सफेद WallCURE पुट्टी की 100 बोरियो रखी गयी थी पुट्टी को हटाकर देखा गया तो ट्रक में

1.IMPERIAL BLUE प्रत्येक बोतल मात्रा 375 ML , का 380 पेटी, प्रति पेटी 24 बोतल कुल 3420 लीटर ,(For sale in PANJAB only) 2. IMPERIAL BLUE प्रत्येक बोतल मात्रा 180 ML , का 300 पेटी, प्रति पेटी 48 बोतल कुल 2592 लीटर ,(For sale in PANJAB only) कुल योग मात्रा- 6012.4 लीटर बरामद हुआ।

गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना सैयदराजा पर मु.अ.सं. 52/2025 अभियुक्त अन्तर्गत धारा 60/63 आबकारी अधिनियम बनाम जुंगराज सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी ग्राम मूसे थाना चवाल जिला तरणताल पंजाब,

2.ट्रेलर वाहन संख्या PB23M2791 का वाहन स्वामी हरकीत सिंह विर्क पुत्र जसवीर सिंह निवासी गौशाला रोड मण्डी गोविन्दगढ के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

पूछताछ विवरण-

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि पंजाब राज्य से सस्ते दाम पर शराब को खरीदकर बिहार ले जाकर उँचे दामों मे बेचते है क्योकि बिहार मे शराब मे बंदी के कारण शराब की अच्छी कीमत मिल जाती है। उसके बाद लाभ के पैसो को हम दोनों बराबर बराबर में बांट लेते है।

गिरफ्तार अभियुक्त-

जुंगराज सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी ग्राम मूसे थाना चवाल जिला तरणताल पंजाब

पंजीकृत अभियोग–

1-मु.अ.सं. 52/2025 धारा- 60/63 आबकारी अधिनियम

बरामदगी का दिनांक, समय व स्थान-

दिनांक - 20.03.2025

समय -07.00 बजे

स्थान – NH-02 हाइवे ग्राम,जेठमलपुर तिराहा थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली

विवरण बरामदगी-

1.IMPERIAL BLUE प्रत्येक बोतल मात्रा 375 ML , का 380 पेटी, प्रति पेटी 24 बोतल कुल 3420 लीटर , (For sale in PANJAB only

2.IMPERIAL BLUE प्रत्येक बोतल मात्रा 180 ML , का 300 पेटी, प्रति पेटी 48 बोतल कुल 2592 लीटर ,(For sale in PANJAB only) कुल योग मात्रा- 6012 लीटर

3.100 बोरी WallCURE वाल पुट्टी

4.एक ट्रेलर वाहन संख्या PB23M2791

(बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 70 लाख रूपये है)

पुलिस टीम-

प्रभारी निरीक्षक विन्देश्वर प्रसाद पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली।

निरीक्षक अपराध दिलीप श्रीवास्तव थाना सैयदराजा

उ0नि0 आशीष मिश्रा प्रभारी स्वाट टीम/सर्विलांस सेल जनपद चन्दौली

हे0का0 अरविन्द भारद्वाज स्वाट टीम जनपद चन्दौली

हे0का0 विजेन्द्र सिह स्वाट टीम जनपद चन्दौली

हे0का0 रामानन्द सिह स्वाट टीम जनपद चन्दौली

हे0का0 आनन्द सिंह स्वाट टीम जनपद चन्दौली

हे0का0 प्रेमप्रकाश यादव सर्विलांस सेल चन्दौली

हे.का. मंटू सिंह सर्विलांस सेल चन्दौली

का. नीरज मिश्रा सर्विलांस सेल जनपद चन्दौली

का. अजीत सिंह सर्विलांस सेल जनपद चन्दौली

का0 गनेश कुमार तिवारी सर्विलांस सेल जनपद चन्दौली

का0 संदीप कुमार सर्विलांस सेल जनपद चन्दौली

हे0का0 नसीरुद्दीन हुमायु थाना सैयदराजा

का. बृजेश चौहान थाना सैयदराजा

का. अजय पटेल थाना सैयदराजा

का. अरविन्द मौर्या थाना सैयदराजा